प्रभात खबर

# Bihar News: बिहार के इस जिले में चल रहा था नकली शराब का गोरखधंधा, भारी मात्रा में स्प्रिट और नकली पैकिंग सामग्री बरामद



Bihar News: बिहार के मुजफ्फरपुर के हथौड़ी थाना क्षेत्र के सिमरी फकीरा पंचायत में नकली शराब का गोरखधंधा चल रहा था. रविवार देर रात उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी कर इस अवैध फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया. झोपड़ी के अंदर बड़ी मात्रा में स्प्रिट, अर्धनिर्मित शराब, सैकड़ों खाली बोतलें, ढक्कन और महंगे विदेशी ब्रांड के नकली लेबल बरामद हुए.

Source: [https://www.prabhatkhabar.com/state/bihar/muzaffarpur/bihar-news-of-fake-liquor-factory-busted-muzaffarpur](https://www.prabhatkhabar.com/state/bihar/muzaffarpur/bihar-news-of-fake-liquor-factory-busted-muzaffarpur)